चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 4-6-23 | 5 | 1-4 |

### एचएयू में आयोजित वेस्ट टू वेल्थ विषय पर जागरूकता अभियान से पर्यावरण को स्वच्छ रखने के दिए टिप्स

# अवशेषों का सही प्रबंधन करने से रखा जा सकता है पर्यावरण को स्वच्छ : डॉ. नीरज कुमार

हिसार, 3 जून (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिकी व मानविकी महाविद्यालय में सूक्ष्म जीव विज्ञान विभाग द्वारा 'वेस्ट टू वेल्थ' विषय पर जागरूकता अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि यह अभियान कृषि शिक्षा विभाग, भारतीय कृषि अनुसंधान, नई दिल्ली के निर्देशानुसार पर्यावरण के लिए लाइफ स्टाइल मिशन के तहत जलवायु अनुकूल और स्मार्ट कृषि विषय पर कार्यशाला, जागरूकता अभियान जैसी गतिविधियों के माध्यम से किसानों व आमजनों को स्वच्छ पर्यावरण के बारे में अवगत कराने के लिए किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में मौलिकी व मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. नीरज कुमार उपस्थित हुए। उन्होंने बताया कि आज की जीवन शैली को देखते हुए हमें पर्यावरण के अनुकूल ढलने की जरूरत है और इस अभियान को आज के समय के अनुरूप महत्वपूर्ण बताया गया। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में पर्यावरण परिवर्तन की गंभीर स्थिति उत्पन्न हुई है, जिसमें कहीं न कहीं मानवीय गतिविधियों से अनेक प्रकार की समस्याएं पैदा हो रही है, जिसमें से कृषि के अवशेषों का सही प्रबंधन न होना एक मुख्यतः समस्या बनकर उभरी है। उन्होंने बताया कि अवशेषों का सही प्रबंधन पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए अनिवार्य है, जिसमें कृषि अवशेषों को खाद्य व बायोगैस में रूपान्तरित किया जा सकता है, जोकि इस जागरूकता अभियान का महत्वपूर्ण विषय है। सूक्ष्म जीव विज्ञान विभाग की अध्यक्षा डॉ. लीलावती ने बताया कि अनुसंधान निदेशक डॉ. जीतराम शर्मा के मार्गदर्शन में चलाए गए इस जागरूकता अभियान में पोस्टर व स्लोगन प्रतियोगिताएं भी करवाई गई, जिसमें विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस आयोजन कार्यक्रम में डॉ. कमला मलिक, डॉ. बलजीत सहारण, डॉ. राकेश कुमार, डॉ. सीमा सांगवान, डॉ. अनुज राणा, डॉ. शिखा मेहता, डॉ. मीना सिंधू व डॉ. अजय भी मौजूद रहे।



एचएयू में वेस्ट टू वेल्थ विषय पर आयोजित जागरूकता अभियान के तहत कार्यक्रम में उपस्थित अधिष्ठाता डॉ. नीरज कुमार।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि भूमि | 4-6-23 | 10 | 4-8 |

### वेस्ट टू वेल्थ विषय पर जागरूकता अभियान से दिए टिप्स

## अवशेषों का सही प्रबंधन करके पर्यावरण को स्वच्छ रखना संभव

**हरिभूमि न्यूज ▸▸। हिसार**

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिकी व मानविकी महाविद्यालय में सूक्ष्म जीव विज्ञान विभाग की ओर से वेस्ट टू वेल्थ विषय पर जागरूकता अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह अभियान कृषि शिक्षा विभाग, भारतीय कृषि अनुसंधान, नई दिल्ली के निर्देशानुसार पर्यावरण के लिए लाइफ स्टाइल मिशन के तहत जलवायु अनुकूल और स्मार्ट कृषि विषय पर कार्यशाला, जागरूकता अभियान जैसी गतिविधियों के माध्यम से किसानों व आमजनों को स्वच्छ पर्यावरण के बारे में अवगत कराने के लिए किया जा रहा है।



हिसार। एचएयू में वेस्ट टू वेल्थ विषय पर आयोजित जागरूकता अभियान के तहत कार्यक्रम में उपस्थित अधिष्ठाता डॉ. नीरज कुमार। फोटो:हरिभूमि

इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में मौलिकी व मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. नीरज कुमार उपस्थित हुए। आज की जीवनशैली को देखते हुए हमें पर्यावरण के अनुकूल ढलने की जरूरत है और इस अभियान को आज के समय के अनुरूप महत्वपूर्ण बताया गया। वर्तमान समय में पर्यावरण परिवर्तन की गंभीर स्थिति उत्पन्न हुई है, जिसमें कहीं न कहीं मानवीय गतिविधियों से अनेक प्रकार की समस्याएं पैदा हो रही है, जिसमें से कृषि के अवशेषों का सही प्रबंधन न होना एक मुख्यतः समस्या बनकर उभरी है। सूक्ष्म जीव विज्ञान विभाग की अध्यक्षा डॉ. लीलावती ने बताया कि अनुसंधान निदेशक डॉ. जीतराम शर्मा के मार्गदर्शन में चलाए गए जागरूकता अभियान में पोस्टर व स्लोगन प्रतियोगिताएं भी करवाई गई। मौके पर डॉ. कमला मलिक, डॉ. बलजीत सहारण, डॉ. राकेश कुमार, डॉ. सीमा सांगवान, डॉ. अनुज राणा, डॉ. शिखा मेहता, डॉ. मीना सिंधू व डॉ. अजय मौजूद रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 4-6-23 | 4 | 1-3 |

## वेस्ट टू वेल्थ विषय पर जागरूकता अभियान से पर्यावरण को स्वच्छ रखने के दिए टिप्स

### अवशेषों का सही प्रबंधन करने से रखा जा सकता है पर्यावरण को स्वच्छ : डॉ. नीरज



मुख्यातिथि डॉ. नीरज कुमार, विद्यार्थियों के साथ फसल अवशेष प्रबंधन पर चर्चा करते हुए।

हिसार, 3 जून (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिकी व मानविकी महाविद्यालय में सूक्ष्म जीव विज्ञान विभाग द्वारा 'वेस्ट टू वेल्थ' विषय पर जागरूकता अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि यह अभियान कृषि शिक्षा विभाग, भारतीय कृषि अनुसंधान, नई दिल्ली के निर्देशानुसार पर्यावरण के लिए लाइफ स्टाइल मिशन के तहत जलवायु अनुकूल और स्मार्ट कृषि विषय पर कार्यशाला, जागरूकता अभियान जैसी गतिविधियों के माध्यम से किसानों व आमजनों को स्वच्छ पर्यावरण के बारे में अवगत कराने के लिए किया जा रहा है।

इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में मौलिकी व मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. नीरज कुमार उपस्थित हुए। उन्होंने बताया कि आज की जीवन शैली को देखते हुए हमें पर्यावरण के अनुकूल ढलने की जरूरत है और इस अभियान को आज के समय के अनुरूप महत्वपूर्ण बताया गया।

उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में पर्यावरण परिवर्तन की गंभीर स्थिति उत्पन्न हुई है, जिसमें कहीं न कहीं मानवीय गतिविधियों से अनेक प्रकार की समस्याएं पैदा हो रही है, जिसमें से कृषि के अवशेषों का सही प्रबंधन न होना एक मुख्यतः समस्या बनकर उभरी है। उन्होंने बताया कि अवशेषों का सही प्रबंधन पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए अनिवार्य है, जिसमें कृषि अवशेषों को खाद्य व बायोगैस में रूपान्तरित किया जा सकता है, जोकि इस जागरूकता अभियान का महत्वपूर्ण विषय है। सूक्ष्म जीव विज्ञान विभाग की अध्यक्षा डॉ. लीलावती ने बताया कि इस जागरूकता अभियान में पोस्टर व स्लोगन प्रतियोगिताएं भी करवाई गईं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 4-6-23 | 4 | 4-5 |



एचएयू में वेस्ट टू वेल्थ विषय पर आयोजित जागरूकता अभियान के तहत कार्यक्रम में उपस्थित मुख्यातिथि अधिष्ठाता डॉ. नीरज कुमार व अन्य। संवाद

## पर्यावरण को स्वच्छ रखने के उपाय बताए

**माई सिटी रिपोर्टर**

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिकी व मानविकी महाविद्यालय में सूक्ष्म जीव विज्ञान विभाग की ओर से 'वेस्ट टू वेल्थ' विषय पर जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मुख्यातिथि के रूप में मौलिकी व मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. नीरज कुमार ने बताया कि आज की जीवनशैली को देखते हुए हमें पर्यावरण के अनुकूल ढलने की जरूरत है। वर्तमान समय में पर्यावरण परिवर्तन की गंभीर स्थिति उत्पन्न हुई है। जिसमें कहीं न कहीं मानवीय गतिविधियों से अनेक प्रकार की समस्याएं पैदा हो रही हैं। जिससे कृषि के अवशेषों का सही प्रबंधन न होना एक मुख्यतः समस्या बनकर उभरी है। अवशेषों का सही प्रबंधन पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए अनिवार्य है। जिसमें कृषि अवशेषों को खाद्य व बायोगैस में रूपान्तरित किया जा सकता है। सूक्ष्म जीव विज्ञान विभाग की अध्यक्षा डॉ. लीलावती ने बताया कि इस अभियान के तहत पोस्टर व स्लोगन प्रतियोगिताएं भी करवाई गई।

कार्यक्रम में डॉ. कमला मलिक, डॉ. बलजीत सहारण, डॉ. राकेश कुमार, डॉ. सीमा सांगवान, डॉ. अनुज राणा, डॉ. शिखा मेहता, डॉ. मीना सिंधू व डॉ. अजय भी मौजूद रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स | 03.05.2023 | -- | -- |


# वेस्ट टू वेल्थ विषय पर जागरूकता अभियान से पर्यावरण को स्वच्छ रखने के दिए टिप्स



वेस्ट टू वेल्थ विषय पर आयोजित जागरूकता अभियान के तहत कार्यक्रम में उपस्थित अधिष्ठाता डॉ. नीरज कुमार।

**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिकी व मानविकी महाविद्यालय में सूक्ष्म जीव विज्ञान विभाग द्वारा 'वेस्ट टू वेल्थ' विषय पर जागरूकता अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में मौलिकी व मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. नीरज कुमार उपस्थित हुए। उन्होंने बताया कि आज की जीवन शैली को देखते हुए हमें पर्यावरण के अनुकूल ढलने की जरूरत है और इस अभियान को आज के समय के अनुरूप महत्वपूर्ण बताया गया। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में पर्यावरण परिवर्तन की गंभीर स्थिति उत्पन्न हुई है, जिसमें कहीं न कहीं मानवीय गतिविधियों से अनेक प्रकार की समस्याएं पैदा हो रही है, जिसमें से कृषि के अवशेषों का सही प्रबंधन न होना एक मुख्यत: समस्या बनकर उभरी है।

उन्होंने बताया कि अवशेषों का सही प्रबंधन पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए अनिवार्य है, जिसमें कृषि अवशेषों को खाद्य व बायोगैस में रूपान्तरित किया जा सकता है, जोकि इस जागरूकता अभियान का महत्वपूर्ण विषय है। सूक्ष्म जीव विज्ञान विभाग की अध्यक्षा डॉ. लीलावती ने बताया कि अनुसंधान निदेशक डॉ. जीतराम शर्मा के मार्गदर्शन में चलाए गए इस जागरूकता अभियान में पोस्टर व स्लोग्न प्रतियोगिताएं भी करवाई गई। इस आयोजन कार्यक्रम में डॉ. कमला मलिक, डॉ. बलजीत सहारण, डॉ. राकेश कुमार, डॉ. सीमा सांगवान, डॉ. अनुज राणा, डॉ. शिखा मेहता, डॉ. मीना सिंधू व डॉ. अजय भी मौजूद रहे।